योग प्रमाणीकरण मंडल (वाईसीबी)

शास्त्रीय योग योग पेशेवरों /योग संस्थान / केंद्र / कार्मिक प्रमाणीकरण निकाय

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित

योग प्रमाणीकरण मंडल (वाईसीबी) के बारे में

योग पेशेवरों के प्रमाणीकरण और योग संस्थानों / केंद्रों की मान्यता के लिए आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मार्च, 2018 में योग प्रमाणीकरण मंडल की स्थापना की गई थी।

उद्देश्य

योग प्रमाणीकरण मंडल का उद्देश्य योग के अभ्यासों में गुणवत्ता और मानकता लाना तथा शास्त्रीय योग को व्यवसायिक कौशल के रूप में बढ़ावा देना है।

लक्ष्य

- योग को समग्र स्वास्थ्य और मानवीय मूल्यों के साधन के रूप में बढ़ावा देना।
- भारत और विश्व भर में संचालित योग पाठयक्रमों में एकरूपता लाना।
- योग को एक व्यवसायिक कौशल के रूप में बढ़ावा देना।

दृष्टि

वाईसीबी का दृष्टिकोण विश्व भर में लोगों को स्वस्थ जीवन शैली जीने हेतु सक्षम बनाना और गुणवत्तापूर्ण योग प्रशिक्षकों तक पहुंच सुनिश्चित करके योग को समग्र जीवन जीने हेतु एक माध्यम के रूप में विकसित करना है।

ध्येय

योग संस्थानों और योग पेशेवरों के लिए योग प्रशिक्षण के मानकों को परिभाषित करना और समाज को योग शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य में उनकी सहायता करना।

प्रत्यायन कौन प्राप्त कर सकता है?

- शास्त्रीय योग सिखाने वाले योग संस्थान / केंद्र।
- संस्थान जो प्रमाणन परीक्षा आयोजित करते हैं।

प्रमाणीकरण कौन प्राप्त कर सकता है?

- वाईसीबी मान्यता प्राप्त संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र।
- योग में ज्ञान और कौशल रखने वाले छात्र।

वाईसीबी प्रमाणीकरण क्यों?

- विश्व भर में प्रमाणित योग पेशेवरों की पहचान हेतु।
- योग पेशेवरों को उनके ज्ञान और कौशल के अनुसार प्रमाणित करने हेतु।
- विभिन्न प्रकार के प्रमाणन प्राप्त करके व्यावसायिक कौशल बढ़ावा देने हेतु।

वाईसीबी की वेबसाईट के लिए QR कोड को स्कैन करें